# करंट से हुई मौत को हत्या बताया, खेत में फेंकी लाश

## आरोपी खुद करता रहा जांच की मांग, पड़ोसियों ने खोल दी पोल

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी की समनापुर पुलिस ने दो साल पुराने हत्या के मामले का पर्दाफाश किया है। भानपुर गांव में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



घटना 1 सितम्बर 2023 की है। मुख्य आरोपी त्रिलोक सिंह मरकाम के खेत में स्थित कुएं से पानी सप्लाई का वायर पंप चालू था। इसी दौरान धरम सिंह करंट की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। आरोपी ने अपना बचाव करने के लिए पहले शव को छिपाया। फिर रात में मोहित मरकाम और एक नाबालिग की मदद से मृतक के खेत में शव को फेंक दिया।दो साल तक मामला अनसुलझा रहा। आरोपी त्रिलोक सिंह खुद थाने आकर मामले की जांच की मांग करता था। जब पुलिस ने एक बार फिर जांच शुरू की तो पड़ोसियों ने घटना का राज खोल दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इस मामले में सहायक उपनिरीक्षक राजेश यादव, प्रधान आरक्षक दर्शन सिंह, भारत बसंत, कृष्णपाल सिंह, पहलू सिंह टेकाम, आरक्षक सियाराम मरकाम, आशीष और ओमकार आर्मो की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दमोह सांसद ने खेत में चलाया हार्वेस्टर

## नई तकनीक से गेहूं की कटाई, भूसा बचाने और नरवाई न जलाने की दी सलाह

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह लोकसभा क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने रविवार को अपने कृषि फार्म पर नई तकनीक का प्रदर्शन किया। उन्होंने स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम वाले हार्वेस्टर से गेहूं की फसल की कटाई की।



सांसद लोधी ने कहा कि हार्वेस्टर की खास बात है कि यह भूसा भी एकत्रित करता है। नरवाई भी नहीं छोड़ता। उन्होंने किसानों को नई तकनीक अपनाने की सलाह दी।

सांसद ने किसानों को नरवाई न जलाने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से खेत की मिट्टी की उर्वरक क्षमता नष्ट हो जाती है। नई तकनीक से किसानों को दोहरा फायदा होगा - मवेशियों के लिए भूसा भी मिलेगा और पर्यावरण भी बचेगा। गौरतलब है कि राहुल सिंह लोधी हिंडोरिया के राज परिवार से हैं। उनके पास कई एकड़ पैतृक जमीन है, जिस पर वे खेती करते हैं।


## आदेश की अवहेलना करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित

**डिंडोरी, देशबन्धु।** दरअसल जानकारी अनुसार सहायक आयुक्त, जनजाति कार्यालय डिंडौरी में पदस्थ सहायक ग्रेड 02 पी.एल. ककोडिया को आदेश की अवहेलना करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर नेहा मारव्या द्वारा जारी आदेश के अनुसार, निलंबन अवधि के दौरान ककोडिया का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, करंजिया निर्धारित किया गया है।संबंधित नियमों के तहत निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

प्रशासनिक कार्रवाई के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कार्यालय में अनुशासन और आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।इस कार्रवाई के बाद जिला प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अनुशासनहीनता व आदेशों की अवहेलना करने पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।


# चैत्र नवरात्र के अवसर पर देवी मंदिरों में उमड़ी भीड़

**हटा, देशबन्धु।** बुंदेलखंड की काशी हटा में 9 दिवसीय चैत्र नवरात्र महोत्सव आरम्भ हो गया है। सुनार के तट स्थित शीतला माता मंदिर में प्रात: जल ढा रनेह महिलाओ की भीड़ उमड़ेगी। सायंकाल 7:30 बजे चंडीजी मंदिर में संगीतमय आरती होगी। माँ पीताम्बरा पीठ में भी धार्मिक आयोजन आरम्भ होंगे। गायत्री शक्तिपीठ में नौ दिवसीय जप आरम्भ होंगे। सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक तैयारियां की गई है। देवी मंदिरों में रंग रोगन कर व्यापक साफ सफाई की गई है। चंडीजी मंदिर में पूरे नौ दिन न्यास समिति द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की है। इसके अलावा भक्तों द्वारा पंचमी और सप्तमी तिथि को कन्या भोज भंडारे का आयोजन किया गया है। मन्दिर प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन किया गया है। नगर पालिका द्वारा भी नवरात्र के मद्दे नजर देवी मंदिर मार्गो की साफ सफाई कर मार्ग पुलिओं का सुधार कार्य कराया गया है। पुलिस द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए देवी मंदिरों में पुलिस बल लगाया जा रहा है।



## सार-समाचार

### बस और कार की टक्कर में कोई हताहत नहीं



**हटा, देशबन्धु।** बस स्टैंड पर हाथ ठेला ऑटो रिक्शा, दोपहिया वाहनों की रेलमपेल से वाहनों के आवागमन में भारी समस्या उतपन्न होती है। अक्सर ही वाहन एक दूसरे से टकराते है विवाद होता है और लोग तमाशबीन बनते है। ऐसी ही एक घटना शनिवार सुबह घटी जिसमे हटा से छतरपुर जा रही बस की टक्कर से एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी अनुसार बस क्रमांक एमपी16पी0599 हटा से छतरपुर जा रही थी कि मोड़ पर आ रही कार क्रमांक एमपी15सीबी7127 को टक्कर मार दी। कार में पीछे कांच पर पुलिस लिखा हुआ था कार का परिचालक साइड का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके बाद भीड़ जमा हो गई। बस और कार चालक ने आपसी सहमति बना ली कि कार का सुधार कार्य करा दिया जाएगा। इसके बाद बस गंतव्य को रवाना हो गई।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत

**डिंडोरी, देशबन्धु।** डिंडोरी में रविवार को नर्मदा डेम घाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत हुई। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे समेत जनप्रतिनिधियों ने मां नर्मदा की पूजा-अर्चना कर ध्वज स्थापित किया।

सांसद कुलस्ते ने कहा- भविष्य में जल संकट गंभीर हो सकता है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा सहित अन्य नदियों की सफाई और जल संवर्धन के लिए अलग मंत्रालय बनाया है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों को संरक्षित करना हर नागरिक का कर्तव्य है। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने चिंता जताई कि अमरकंटक के बाद डिंडौरी पहला नगर है, जहां नर्मदा सबसे ज्यादा प्रदूषित हो रही है। घाट के ऊपर नगर के गंदे नाले मिल रहे हैं। उन्होंने पंडितों से आग्रह किया कि वे लोगों को जागरूक करें। पूजा सामग्री को नदी में डालने के बजाय खेतों में डालें, जिससे जमीन भी उपजाऊ बनेगी।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रुदेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू नेताम, नपा अध्यक्ष सुनीता सारस समेत कई नेता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने स्वच्छता और जल संवर्धन की शपथ ली। साथ ही पुराने जल स्त्रोतों के संरक्षण का संकल्प लिया।

### विक्रम सिंह गौंड ने नवोदय प्रवेश परीक्षा पास कर किया गांव का नाम रोशन



**जबेरा, देशबन्धु।** ग्लोबल इंग्लिश मीडियम स्कूल जबेरा के छात्र विक्रम सींग गौड़ पिता जयराम सींग गौड़ ने नवोदय प्रवेश परीक्षा पास कर अपने गांव का नाम रोशन किया है। जबेरा जनपद के छोटे से आदिवासी बाहुल्य ग्राम झलों निवासी विक्रम सींग तीन बहनों में इकलौते भाई हैं जिनके पिता थोड़ी सी जमीन पर खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं और ग्राम झलों में कोई शासकीय विद्यालय भी नहीं है। किंतु जहां के बच्चे शिक्षा के प्रति इतने लगनशील है कि ग्राम से अब तक विगत वर्षों में सात आठ बच्चे नवोदय प्रवेश परीक्षा पास कर चुके हैं। जिसमें इस वर्ष नवोदय प्रवेश परीक्षा पास करने वाले विक्रम सींग पूरे ग्राम से इकलौते छात्र हैं। विक्रम सिंह की इस सफलता पर उनके विद्यालय के संचालक आस्था विश्वकर्मा, आचार्य सुभाष विश्वकर्मा, ग्राम के शिक्षक सुख सिंह ठाकुर सहित सभी ग्राम वासियों ने बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आजीविका मिशन के समूहों को मिला कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा मूंग उड़द का बीज

**जबेरा, देशबन्धु।** जबेरा जनपद के ग्राम पंचायत मुडेरी में कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के सहयोग से आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूह के आदिवासी परिवारों को जायद की फसल करने के लिए मूंग उड़द के बीज दिए गए। इस अवसर पर जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ संजय सिंह ने आधुनिक खेती और परंपरागत खेती में अंतर बताया बीज बदलने और प्रमाणित बीज का ही उपयोग करने की सलाह दी जिससे अच्छा उत्पादन ले सके। आजीविका मिशन से धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया आदिवासी परिवारों को भारत सरकार की योजना के तहत मूंग और उड़द के बीज प्रदाय किया जा रहे हैं जिससे आप उन्नत खेती कर सके। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ मनोज अहिरवार ने केंद्र की विभिन्न विशेष योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# बड़ी देवी मंदिर में उमड़ा जन सैलाब

## माता को जल अर्पण करने सुबह चार बजे से पहुंचे श्रद्धालु

**दमोह, देशबन्धु।** रविवार से चैत्र नवरात्रि के साथ हिंदू वर्ष का भी शुभारंभ हो गया। नवरात्रि के पहले दिन से ही देवी मंदिरों में पूजन दर्शन का विशेष क्रम शुरू हो गया है। दमोह शहर के प्रमुख बड़ी देवी मंदिर में सुबह चार बजे माता रानी के मंदिर के पट खुलते ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां को जल अर्पण करने के लिए पहुंचे। अलग-अलग कतारों में लगे लोग माता रानी के दर्शनों का इंतजार करते रहे और अपना नंबर आने पर सभी ने विधि विधान से पूजन किया। नौ दिन तक चलने वाले इस पवित्र धार्मिक उत्सव में हिंदू धर्म से जुड़े ज्यादातर लोग व्रत रखकर मां की उपासना करते हैं।



बड़ी देवी मंदिर परिसर में 9 दिन तक चलने वाला अखंड देवी कीर्तन शुरू हो गया है, जिसमें मंदिर पहुंचने वाले भक्त बारी-बारी से पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर देवी कीर्तन करते रहेंगे। मंदिर परिसर में ही ज्वारों के घट तैयार किए गए हैं। नवरात्रि के अंतिम दिन इन्हीं ज्वारों के विसर्जन के बाद नवरात्र का समापन होगा। मंदिर परिसर में भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा मंदिर प्रबंधन की ओर से अपने कई वालंटियर भी तैनात किए गए हैं, ताकि भक्तों को दर्शन करने में किसी तरह की असुविधा न हो।

### नौ दिन तक लगेगा मेला

मां बड़ी देवी के दरबार में जिले भर से लोग माता रानी को जल अर्पित करने पहुंचते हैं और अपनी मनोकामनाएं मां के समक्ष रखते हैं। इस स्थान पर 9 दिनों तक भव्य मेला भी आयोजित होता है। जिसमें सैकड़ो दुकानदार कई प्रकार की दुकान लगाने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर दुकानदारों के लिए एक बड़ा मैदान चिन्हित किया गया है। वहीं छोटी दुकानों के लिए मंदिर के मुख्य द्वार से लेकर अंदर तक जगह दी गई है जहां 9 दिनों तक यह दुकानदार दुकानों का संचालन करेंगे। मंदिर के पुजारी पंडित आशीष कटारे ने बताया की मां बड़ी देवी के दरबार में सुबह 4 बजे से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। हजारों श्रद्धालु सुबह जल अर्पित करने और शाम को आरती में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। पंचमी को 1000 दीपों से मां बड़ी देवी की महाआरती की जाएगी। इन नौ दिनों तक विधि विधान से मां की आराधना करने के साथ ही 9 दिनों तक 24 घंटे का अखंड कीर्तन जारी रहेगा।

# सीबीएमओ तेंदूखेडा ने गर्भवती महिलाओं की पहचान की

## सर्वे कर किया गया औचक निरीक्षण

**दमोह, देशबन्धु।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशानुसार मातृ.स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विकासखण्डों के ग्रामों में नवीन गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिये 23 मार्च से चलाये गये एलएमपी ट्रैकिंग सर्वे कार्य के परिणाम बहुत उत्साहजनक मिले हैं। 5 दिवसीय सर्वे में 1151 नवीन गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया गया है जिनमें से 1058 प्रथम तिमाही वाली गर्भवती महिलायें हैं। इन सभी महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जायेंगी और उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर निगरानी रखी जायेगी।



इस क्रम में आज तेंदूखेडा सीबीएमओ डॉ आरआर बागरी द्वारा ससनाकला, झलौनए सेहरी ग्राम में आशा एवं एएनएम कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे सर्वे का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान हैड काउंट सर्वे सूची का अवलोकन किया। सेहरी ग्राम मे सर्वे पूर्ण करने एएनएम और आशा कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीबीएमओ डॉ. बागरी ने कहा सर्वेक्षित की गई नवीन गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर उन्हें प्रसव पूर्व स्वास्थ्य देखभाल सेवायें नि:शुल्क दी जायेंगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का दो बैच में तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**पथरिया, देशबन्धु।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल के पालन में परियोजना पथरिया अंतर्गत ष्पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का आयोजन 24 से 26 मार्च तक आयोजित किया गया। जिसमें परियोजना पथरिया के सेक्टर. बौतराई, किन्द्रहो, नरसिंहगढ़ एवं सदगुवां की कुल 103 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा द्वितीय बैच 27 से 29 तक जिसमे सेक्टर पथरिया, पिपरिया चम्पत, लखरौनी, सरखड़ी की 98 कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशिक्षण में भाग लिया गया।



प्रथम दिवस 24 मार्च से 27 मार्च को प्रात: 9 बजे प्रषिक्षण का प्रारंभ किया गया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पंजीकरण एवं प्रीटेस्ट कराया गया। इनके उपरांत निर्धारित गतिविधियों आधारशिला, नवचेतना का परिचय, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए विकासात्मक क्षेत्र, आंगनवाड़ी केन्द्र में ईसीसीई के लिए खेल आधारित गतिविधियां के साथ प्रषिक्षित किया गया। द्वितीय दिवस 25 से 28 मार्च को प्रात: 9:45 बजे प्रषिक्षण को प्रारंभ किया गया। जिसमें सत्र पूर्व गतिविधियां, बच्चों में कुपोषण के प्रबंधन के लिए प्रोटोकॉल सेम मेम और सूक्ष्म पोषण तत्वों की कमी, विकास निगरानी और पोषण ट्रेकर, ईसीसीई और पोषण के लिए माता-पिता की भागीदारी और सामुदायिक गतिशीलता के विषयों पर प्रषिक्षण दिया गया। तृतीय दिवस 26 एवं 29 मार्च को प्रात: 9:45 बजे प्रषिक्षण को प्रारंभ किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चे-जॉच समावेष और रणनीतियॉ, नवचेतना उत्तेजना गतिविधि कैलेंडर जन्म से 3 वर्ष तक, बाल मूल्यांकन और सीखने के परिणाम, राज्यों की सर्वोत्तम प्रणालियो शिक्षा केन्द्र के रूप में आंगनवाड़ी केन्द्र की धारणा को बदलना, सत्र पश्चात् की गतिविधियॉ चिंतन करें, परीक्षण करें और समारोह आयोजित करेंए गतिविधियों पर प्रशिक्षण दिया गया। अतं में पोस्ट टेस्ट एवं ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रदाय कर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग से श्री अग्रवाल, संयुक्त संचालक, सागर संभाग सागर, जिला कार्यक्रम अधिकारी दमोह द्वारा निरीक्षण एवं मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासन स्तर से निर्धारित समय शारणी अनुसार किया गया जिसमें परियोजना पथरिया अन्तर्गत कार्यकर्ताओं को आजीम प्रेमजी फाउन्डेशन के सदस्य, पिरामल फाउण्डेशन के सदस्य तथा सेक्टर पर्यवेक्षक. श्रीमति संयोगिता खेमारिया, सुश्री अंजु सिंह भदौरिया, सुश्री सुनीता भोजक, श्रीमति गायत्री लोधी, श्रीमति सुषमा जैन, श्रीमति राधापाली, एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर सुदेश चौबे द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में एक अप्रैल से लागू होगा नया मैन्यु

**डिंडोरी, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशानुसार जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए पूरक पोषण आहार योजना के तहत नया मेनू तैयार किया गया है, जो 01 अप्रैल से जिले में लागू होगा। नया मूने में बच्चों को स्थानीय उपलब्धता के आधार पर संतुलित आहार प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें आवश्यक प्रोटीन और कैलोरी मिल सके। उक्त नया मेनू से बच्चों को प्रतिदिन 15-20 ग्राम प्रोटीन एवं 500 कैलोरी प्राप्त होगी, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायता मिलेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग डिंडौरी ने कहा कि इस मेनू से बच्चों में पोषण स्तर में सुधार होगा और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा।

## सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला के मामले में हो उच्च स्तरीय जांच

**डिंडोरी, देशबन्धु।** प्राप्त जानकारी अनुसार यह कि लोकायुक्त की छापे मार कार्यवाही के चलते कई दिनों तक गायब नजर आए थे। अपने ही रिश्तेदार की आईडी और कंस्ट्रक्शन के नाम पर फॉर्म चला रहे हैं और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र डिंडोरी में सरकारी राशि का गबन करते हुए सरकारी धन राशियों की होली खेल रहे हैं। ऐसे ही एक मामला भी पूर्व में उजागर हुआ था कि खेल सामग्री से जुड़ा हुआ है, की करोड़ों रुपए का सप्लाई के नाम से आर्डर देकर घटिया सामान स्कूलों में भेजा गया है, ओर साठ गांठ कर सरकारी धन रशासि का दुरुपयोग किया जाने की खबर भी सुर्खियों में छाया रहा वही जिन प्राचार्य ने लेने से मना किया तो उन पर दबाव बनाते हुए सामग्री प्राप्त करने की पावती ली गई जिले के स्कूलों एवं हॉस्टलों में वर्ष 2022-23 में जो मरम्मत कर हुए हैं। जो कि वास्तव में उच्च स्तरीय जांच का अहम हिस्सा है वही उन स्कूलों में शिक्षा समिति अध्यक्ष द्वारा लगभग 2 महीना अधिकांश स्कूलों का दौरा किया गया निरीक्षण करने के पश्चात बहुत से स्कूलों में छत से पानी टपक रहा है। दीवारों में दरार पड़ गई हैं एवं प्लास्टर भी उखड़े हुए हैं, जिसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले मासूम बच्चे भी दहशत में पढ़ाई कर रहे हैं। आखिरकार सहायक आयुक्त संतोष शुक्ला का भ्रष्टाचार कब तक चलता रहेगा, यह तो अपने आप में अहम सवाल है। वही सबसे पहले देशबन्धु अखबार ने यह विषय प्रकाश में लाया था कि जिले में स्मार्ट क्लास के नाम से खरीदी की गई सामग्री पर शासकीय धन राशि का धंधली की गई , जिस पर जनप्रतिनिधियों ने भी जम कर मामले को आड़े हाथों लिए थे जो खबरों में छाए रहे वही आज भी उक्त मामले में अगर जनप्रतिनिधियों की आवाज उठे तो जनहितकारी होगा ।

## 72 घंटे की समाधि में बाल ब्रम्हचारी महाराज बबली गढ़धाम में



**कुम्हारी, देशबन्धु।** बबलीगढ़ धाम मुहास में नवरात्रि की पावन अवसर पर बाल ब्रह्मचारी समाधि वाले बाबा जी के द्वारा 72 घंटे की अखंड समाधि ली है यह उनकी पांचवी समाधि है जो बबलीगढ़ धाम जहां स्व प्रकट हनुमान जी विराजमान है बाबा जी के द्वारा बड़ा आकार का गड्ढा बनाया गया उसमें समाधि 72 घंटे की दिन रविवार 2:00 बजे से शुरू हुई जो दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे निकासी होंगी

समाधि में दर्शन करने के लिए भक्तों का जन सैलाब उमढ़ा बबली गढ़ धाम आस्था का प्रतीक क्षेत्र माना जाता है जहां भक्त श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती हैं बहुत दूर से भक्त हनुमान जी के दर्शन करने पहुंचते हैं समाधि वाले बाबा जी के द्वारा 72 घंटे की अखंड समाधि ली है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है समाधि के दौरान अखंड संकीर्तन भजन नाम जप सभी धर्म प्रेमी एकत्रित होकर समाधि का दर्शन कर पुण्य अर्जन करेंगे ओर हजारों भक्तो ने दर्शन किये दिन बुधवार को निकासी मे भक्तो की भीड़ ओर अधिक होने की उम्मीद वही कुम्हारी थाना प्रभारी ब्रजेश पांडेय सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिला अंतर्गत मुख्यालय स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया छात्रों के वार्षिक परीक्षा परिणाम हेतु कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोजपुरी गोस्वामी विभाग समन्वयक मंडला विभाग विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक कुमार अवधिया एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में श्रीमती सपना जैन सह सह सचिव श्रीमति नरबादिया मरकाम, नरेंद्र सिंह राजपूत पूर्व व्यवस्थापक मनोहर सिंह ठाकुर, समिति सदस्य राजेंद्र परमार प्राचार्य ओमप्रकाश श्रीवास, महेंद्र धर बड़गैया जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक मंचस्थ रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ। वार्षिक परीक्षा परिणाम विभाग समन्वयक मनोजपुरी गोस्वामी जी के द्वारा खोला गया । जिसकी घोषणा प्राथमिक परीक्षा प्रभारी नारायण पाण्डे के द्वारा की गई। मंचस्थ अतिथियों के द्वारा कक्षा नर्सरी से एकादश के भैया बहनों को पुरस्कार एवं मार्कशीट प्रदान किया गया साथ ही कक्षा पंचम एवं अष्टम में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन को शील्ड सहित शुभाशीष प्रदान किए गए और आगामी सफलता हेतु मार्गदर्शन दिए गए विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार अवधिया ने अपने वक्तव्य में भैया बहनों एवं अभिभावकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा।